क्रम-संख्या–98(क–1)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट
भाग—4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, रविवार, 30 जून, 2024
आषाढ़ 9, 1946 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन
गृह (पुलिस) अनुभाग–9

संख्या 1537/छः-पु0-9–2024
लखनऊ, 30 जून, 2024

अधिसूचना

सा0प0नि0–23

साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (अधिनियम संख्या 46 सन् 2023) की धारा 173,179,64, 350, 394,462,153 तथा अन्य विभिन्न धाराओं के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके और इस विषय में जारी अन्य समस्त पूर्ववर्ती नियमों एवं आदेशों का अधिक्रमण करके, सिवाय उन बातों के जो ऐसे अधिक्रमण के पूर्व की गयी हैं या जिसके किये जाने का लोप किया गया है, राज्यपाल निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं।

उत्तर प्रदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा नियमावली, 2024

अध्याय–1

सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा नियमावली, 2024 कही जायेगी।

(2) यह दिनांक 01 जुलाई, 2024 से प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं

2–(1) जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में, –

(क) "इलेक्ट्रॉनिक संचार" का तात्पर्य किसी भी लिखित, मौखिक, चित्रात्मक सूचना या वीडियो सामग्री का संचार जो किसी इलेक्ट्रॉनिक युक्ति के माध्यम से पारेषित या अंतरित किया जाता है (चाहे एक व्यक्ति से दूसरे को या एक युक्ति से दूसरी युक्ति को या एक व्यक्ति से किसी युक्ति को या एक युक्ति से दूसरे व्यक्ति को) जिसमें टेलीफोन, मोबाइल फोन, या अन्य बेतार दूरसंचार युक्ति, या कंप्यूटर, या ऑडियो–वीडियो प्लेयर या कैमरा या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक युक्ति या इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप सम्मिलित है, जिसे केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाय, से है;

(ख) 'इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य' का तात्पर्य यांत्रिक या इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रियाओं जिसमें ई–साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन भी सम्मिलित है, द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप में एकत्रित, जनित, संगृहीत, प्रसारित या अन्यथा संसाधित कोई साक्ष्य, डेटा या सूचना जो किसी सुसंगत तथ्य या विवाद्यक तथ्य को सिद्ध या असिद्ध करने हेतु न्यायालय में एक साक्ष्य के रूप में सुसंगत एवं ग्राह्य होता है, से है;

(ग) ''प्रपत्र'' का तात्पर्य इस नियमावली से संलग्न प्रपत्रों से है;

(घ) ''संहिता'' का तात्पर्य भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (अधिनियम संख्या 46 सन् 2023) से है।

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो संहिता के अधीन उनके लिए क्रमशः समुदेशित हैं।

अध्याय– 2

'श्रव्य–दृश्य इलैक्ट्रॉनिक साधन

'श्रव्य दृश्य इलैक्ट्रॉनिक साधन''

3–(1) श्रव्य–दृश्य इलैक्ट्रॉनिक साधनों एवं संचार युक्तियों का प्रयोग निम्नलिखित प्रयोजनों हेतु किया जा सकेगाः

(क) वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से साक्ष्य अभिलेखन हेतु;

(ख) पहचान की प्रक्रियाओं का अभिलेखन करने हेतुः

(ग) तलाशी और अभिग्रहण या साक्ष्य संकलन हेतुः

(घ) इलेक्ट्रॉनिक सूचना का पारेषण हेतु;

(ङ) गिरफ्तारी की सूचना हेतु;

(च) अपराध किये जाने से सम्बन्धित सूचना प्रसारित करने हेतु;

(छ) मजिस्ट्रेट को भेजी जाने वाली प्रत्येक रिपोर्ट हेतु;

(ज) अन्वेषण के दौरान साक्षियों को बयान अभिलिखित कराये जाने सम्बन्धी सूचना हेतु;

(झ) विवेचना अधिकारी द्वारा उस व्यक्ति को, यदि कोई हो, जिसने अपराध किए जाने के संबंध में सर्वप्रथम सूचना दी, अपने द्वारा की गई कार्रवाई की संसूचना प्रदान करने हेतु;

(ञ) सम्पत्ति के ब्यौरे अन्तर्विष्ट करने वाले विवरण के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी हेतु;

(ट) साक्षी संरक्षण आवेदन पर सभी सुनवाई हेतु;

(ठ) किसी महिला द्वारा यौन अपराधों के संबंध में की गयी इत्तला के अभिलेखन की वीडियो फिल्म तैयार करने हेतु;

(ड) ऐसे अन्य प्रयोजनों के लिए जिन्हे राज्य सरकार इस नियमावली के अधीन निर्गत विनियम अथवा आदेश के माध्यम से अधिसूचित करे।

(2) श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों एवं संचार युक्तियों में निम्नलिखित युक्तियां सम्मिलित हैं :–

(क) दूरभाष एवं मोबाईल फोन;

(ख) रिमोट संचालित मेमोरी आधारित ऑसरिंग फैक्स मशीन, हस्ताक्षरित फैक्स संदेश की सुविधाओं के साथ;

(ग) ई–मेल;

(घ) कोई भी दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक युक्ति या इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप;

(ङ) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और टेलीकांफ्रेंसिंग इस प्रणाली के अधीन निम्नलिखित युक्तियां सम्मिलित होंगीः–

(एक) डेस्कटाप, लैपटाप, इन्टरनेट और प्रिन्टर सहित मोबाइल युक्तियां,

(दो) कैमरा;

(तीन) माइक्रोफोन और स्पीकर;

(चार) डिसप्ले यूनिट;

(पांच) डाक्यूमेंट विजुलाइजरय ऐसी अन्य युक्तियां, जिन्हें राज्य सरकार सरकार द्वारा आदेश के माध्यम से अधिसूचित किया जाय।

अध्याय–3

जिला एवं राज्य स्तरीय पुलिस नियंत्रण कक्ष

जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष

4–(1) प्रत्येक जिले में जिला पुलिस का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा जो यथा स्थिति पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में अथवा किसी अन्य जनपदीय पुलिस परिसर में स्थापित किया जाएगा। सम्प्रति जिला मुख्यालयों पर स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष को संहिता की धारा–37 के प्रयोजन के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष समझा जायेगा।

(2) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष समस्त प्रकार की कार्रवाइयों जैसे विधि व्यवस्था की स्थिति, त्यौहार/पर्व, अपराध की घटना, वीआईपी मूवमेंट की सतत निगरानी करेगा ताकि पुलिस थानों की सहायता करके किसी भी स्थिति से निपटा जा सके।

(3) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष, यातायात, ड्रोन उड़ानें और एंटी ड्रोन, बीमार और घायल व्यक्तियों को चिकित्सा उपचार के लिए स्थानांतरित करने, किसी भी आगजनी की घटना में अग्निशमन दल/आपदा प्रबंधन टीम को सूचित करने और भेजने, यू0पी0112 हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता/मदद प्रदान करने और अन्य जिलों के साथ संपर्क बनाए रखने के लिये उत्तरदायी होगा।

(4) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष अनुभवी अधिकारियों और बल के साथ चौबीसों घंटे कार्य करेगा। जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनता से प्राप्त होने वाली सूचनाओं को अभिलिखित करेगा, तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये आदेशों का समय के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करेगा। जनता से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। गम्भीर शिकायतों के प्रकरण को जनशिकायत शाखा में अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जायेगा।

(5) ई–मेल अनुभाग और रेडियो ट्रांसमिशन (आरटी) वायरलेस अनुभाग, संदेश प्राप्ति और प्रेषण अनुभाग भी जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के अधीन ही कार्य करेंगे।

(6) जिला पुलिस का राजपत्रित अधिकारी जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष का पर्यवेक्षण अधिकारी होगा।

(7) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के सीयूजी नम्बर, टेलीफोन नंबर, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा विनिश्चित किए जाएंगे, जिनका सामान्य जनता के बीच समस्त संचार माध्यमों एवं जन–जागरूकता शिविरों एवं विभिन्न विभागों से समन्वय करते हुये व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा।

(8) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष में फैक्स आउट/फैक्स इन सुविधा भी स्थापित की जाएगी। महत्वपूर्ण एवं आवश्यक प्रकरणों में उन इकाइयों में जहां पर ई–मेल की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है वहां पर फैक्स आउट का कार्य साम्पादित किया जायेगा। फैक्स इन पर प्राप्त होने वाले फैक्स सन्देशों को सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों को सम्प्रेषित किया जायेगा। इसके साथ ही अन्तर विभागीय सूचनाओं का सम्प्रेषण त्वरित गति से किया जायेगा।

(9) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष में एस0एम0एस0/ई–मेल इन के माध्यम से अपराध एवं प्रशासनिक अनुदेश से सम्बन्धित सूचनाओं के प्राप्त होने पर उनका अंकन रजिस्टर में किया जायेगा और एसएमएस/ईमेल के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को पारेषित किया जायेगा। इसी प्रकार ई–मेल आउट के माध्यम से अपराध एवं प्रशासनिक अनुदेश से सम्बन्धित सूचनाओं को ईमेल के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को पारेषित किया जायेगा एवं उसका अंकन पुलिस महानिदेशक द्वारा तैयार एवं अनुमोदित किये गये सम्बन्धित रजिस्टर में किया जायेगा।

(10) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष में टी0वी0 मानीटर भी स्थापित किये जायेंगे, जिसमें प्रत्येक मानीटर पर समाचार चैनल प्रचलित रहेंगे। उक्त के माध्यम से संज्ञानित होने वाले अपराध, आकस्मिक दुर्घटनाओं की सूचना सम्बन्धित अधिकारी से सत्यापित कराते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाई जायेगी तथा उनसे प्राप्त अनुदेशों का तत्परतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा

(11) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश मुख्यालय के व्हाट्सएप्प ग्रुप तथा अन्य सोशल मीडिया ग्रुप से भी सम्बद्ध रहेंगे। महत्वपूर्ण विधि व्यवस्था तथा अपराध से सम्बन्धित सूचनाओं को एस०एम०एस० तथा ऐसे सोशल मीडिया ग्रुप्स के माध्यम से समस्त सम्बन्धित विनिर्दिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा।

(12) जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिलों एवं मीडिया इन्टेलीजेन्स से प्राप्त होने वाली सूचनाओं, जिसमें गम्भीर अपराध के तत्व हों उनका कम्प्यूटर सेट अप तैयार किया जायेगा और वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाकर प्राप्त अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष

5–(1) उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश पुलिस आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (यू0पी0 112) की स्थापना पूरे राज्य में किसी भी समय सभी नागरिकों को सार्वजनिक सुरक्षा और संरक्षा के लिए त्वरित एकीकृत आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए की गई है, यह प्रणाली राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष समझी जायेगी।

(2) इस प्रणाली के उच्चीकरण हेतु समस्त कार्यवाहियों, संविदाओं के निष्पादन तथा विभिन्न प्रतिष्ठानों से करारों इत्यादि करने तथा उनकी निबंधन और शर्तें अवधारित करने की शक्ति एवं उत्तरदायित्व गृह विभाग पर होगा।

(3) इस प्रणाली के अन्तर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम प्रतिक्रिया समय के भीतर नागरिकों की सेवा करने के लिए अनुकूलित और कार्य करने के मानक को और उन्नत बनाने के निरंतर प्रयास किये जायेंगे।

(4) राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में लखनऊ स्थित एक उच्च तकनीक वाला केंद्रीकृत संपर्क और प्रेषण केंद्र सम्मिलित होगा, जिसमें लखनऊ में डेटा सेंटर और कमांड सेंटर, प्रयागराज और गाजियाबाद में प्रचालन और अनुरक्षण केन्द्र (ओ.एस.सी.), 75 जिला नियंत्रण कक्ष, 8 जोन, 18 परिक्षेत्र, 8 कमिश्नरेट, अग्निशमन सेवा और राजकीय रेलवे पुलिस को जोड़ने के लिए समर्पित लीज लाइन की व्यवस्था करते हुये यथावश्यकता उक्त का उच्चीकरण एवं मानकीकरण निरंतर किया जायेगा। उक्त संख्या में परिवर्तन, परिवर्धन की शक्ति उत्तर प्रदेश राज्य सरकार में निहित होगी।

(5) नागरिकों की सेवा के लिए पूरे राज्य में इतनी संख्या में प्रशिक्षित और संवेदनशील पुलिस कर्मियों को तैनात किया जायेगा, जितनी इस हेतु राज्य सरकार आवश्यक समझे।

(6) यूपी 112 मुख्यालय (केंद्रीकृत संपर्क केंद्र) के अत्याधुनिक सुविधा केन्द्र में उतनी संख्या में आउटसोर्स वृत्तिक महिला अधिकारी, केंद्रीकृत प्रेषण अधिकारी, पुलिस अधिकारी तैनात किये जायेंगे, जितनी इस हेतु राज्य सरकार आवश्यक समझे।

(7) उक्त केन्द्रीकृत सेवा में, उतनी संख्या में, जीपीएस–सक्षम मोबाइल डेटा टर्मिनल, रेडियो–ओवर– इंटरनेट–प्रोटोकॉल (आरओआईपी) वायरलेस सेट, मोबाइल फोन, डैशबोर्ड कैमरे और प्राथमिक चिकित्सा किट से सज्जित उतनी संख्या में आधुनिक पुलिस प्रतिक्रिया वाहन (पी0आर0वी0) होंगे, जितनी राज्य सरकार उचित एवं आवश्यक समझे। इनके द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के नागरिकों की सेवा के लिए 24*7 और 365 दिन नियमित एवं अबाध सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

(8) उक्त के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में भी ऐसे स्थान पर जैसा पुलिस महानिदेशक द्वारा अवधारित किया जाय, एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा, जिसमें यू0पी0–112 के नोड प्रतिष्ठापित किये जायेंगे, जिस पर प्राप्त होने वाले अपराध, आकस्मिक दुर्घटनाओं की सूचना और आकस्मिक दुर्घटनाएं जो नियंत्रण कक्ष के संज्ञान में लायी जाती है, उनका सत्यापन कराया जायेगा।

(9) उक्त के अतिरिक्त पुलिस मुख्यालय पर अवस्थित नियंत्रण कक्ष द्वारा आर0टी0 सेट के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यक्रमों से सम्बन्धित सूचनाओं का समन्वय किया जायेगा।

(10) इसके अतिरिक्त उक्त नियंत्रण कक्ष में समय–समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौपें गये अन्य कार्यों को भी निर्देशानुसार सम्पादित किया जायेगा तथा किसी भी आकस्मिक घटना, दुर्घटना की मानीटरिंग हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क कर उनका समयान्तर्गत निदान सुनिश्चित कराया जायेगा।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम और पते से सम्बन्धित सूचना

6–(1) प्रत्येक जिले के नियंत्रण कक्ष और प्रत्येक पुलिस थाना में एक पुलिस अधिकारी जो पुलिस उपनिरीक्षक से अनिम्न रैंक का हो, वह गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम और पता के विषय में सूचना रखने के लिए उत्तरदायी होगा।

(2) गिरफ्तार किये गये व्यक्ति से सम्बन्धित सूचना, अपराध की प्रकृति जिसके साथ वह आरोपित किया गया है, प्रत्येक पुलिस थाना और जिला नियंत्रण कक्ष पर प्रमुख रुप से जिसमें इलेक्ट्रॉनिक मोड भी सम्मिलित है, प्रदर्शित किया जाएगा।

अध्याय– 4

अपराध की सूचना

संज्ञेय अपराध सूचना रजिस्टर

7–(1) जब कभी किसी संज्ञेय अपराध से सम्बन्धित सूचना, उस क्षेत्र पर विचार किये बिना जहां अपराध किया गया हो, किसी थाने के प्रभारी अधिकारी को प्राप्त हो, तो संहिता की धारा 173 में वर्णित प्रक्रिया अनुसार, प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने पर इस नियमावली के परिशिष्ट–क में प्रपत्र संख्या 1 (आई0आई0एफ0–एक) में रजिस्ट्रीकृत की जायेगी।

(2) यदि सूचना इलैक्ट्रानिक माध्यम द्वारा दी गई है, तो उसे देने वाले व्यक्ति द्वारा तीन दिनों के भीतर हस्ताक्षरित किए जाने पर थाने का प्रभारी अधिकारी द्वारा लेखबद्ध की जाएगी।

(3) किसी संज्ञेय अपराध की मौखिक, लिखित या इलैक्ट्रानिक संचार माध्यम से प्राप्त सूचना का सार संज्ञेय अपराध सूचना रजिस्टर में, भौतिक रूप में अथवा एन०सी०आर०बी० के अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं प्रणाली (सी०सी०टी०एन० एस०) पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रविष्ट की जायेगी ।

(4) संज्ञेय अपराध सूचना रजिस्टर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एन०सी०आर०बी०) द्वारा अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट प्रारूप में सी०सी०टी०एन०एस० पर उपलब्ध होगा।

इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से दी गई सूचना

8–जब भी किसी संज्ञेय अपराध के घटित होने से संबंधित सूचना इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से दी जाती है, तो सम्बन्धित पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी द्वारा निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जायेगाः–

(एक) इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से प्राप्त संदेश को डाउनलोड किया जाएगा और पुलिस थाना में निर्दिष्ट कंप्यूटर में रखा जाएगा;

(दो) थाने का प्रभारी अधिकारी, एन०सी०आर०बी० द्वारा सी०सी०टी०एन०एस० पर उपलब्ध कराये गये प्रारूप में तैयार किये गये ई–शिकायत रजिस्टर में निर्दिष्ट डेस्कटॉप में संग्रहीत संदेश के अनुरूप संदर्भ के साथ उक्त सूचना दर्ज करेगा;

(तीन) थाने का प्रभारी अधिकारी परिवादी को शिकायत पर हस्ताक्षर करने के लिए संदेश भेजने के तीन दिनों के भीतर पुलिस थाना अथवा किसी अन्य स्थान में आने के लिए इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से सूचित करेगा ताकि विधि के अनुसार मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा सके;

यदि सूचना किसी अन्य पुलिस थाना से संबंधित है, तो थाने का प्रभारी अधिकारी परिवादी को उस पुलिस थाना में जाने की सलाह देगा। यदि परिवादी ऐसा करने के लिए सहमत होता है तो थाने का प्रभारी अधिकारी प्राप्त इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से प्राप्त सूचना को संबंधित पुलिस थाना को भेज देगा;

यदि परिवादी को उस पुलिस थाना का दौरा करने में असुविधा होती है, जहां उसने इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से जानकारी भेजी है, तो उसे अपनी सुविधा के पुलिस थाना का दौरा करने की सलाह दी जाएगी। थाने का प्रभारी अधिकारी प्राप्त इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से प्राप्त सूचना को संबंधित पुलिस थाना को अग्रेषित करेगा;

(चार) इस संबंध में एक सामान्य डायरी प्रविष्टि तदनुसार दर्ज की जायेगी।

(पांच) यदि परिवादी शिकायत पर हस्ताक्षर करने के लिए पुलिस थाना अथवा अन्य स्थान पर उपस्थित होने में विफल रहता है, तो थाने का प्रभारी अधिकारी ई–शिकायत रजिस्टर और जनरल डायरी में तत्सम्बन्धी एक प्रविष्टि करेगा तथा वह इस संबंध में संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को भी अविलम्ब अवगत करायेगा, उपरोक्त परिस्थितियों में पुलिस थाने का प्रभारी अधिकारी स्वप्रेरणा से मामला दर्ज कर सकता है;

(छः) यदि परिवादी नियत अवधि तीन दिन के बाद उपस्थित होता है, तो थाने का प्रभारी अधिकारी, इसे पुलिस थाना द्वारा प्राप्त नई जानकारी के रूप में मानेगा और तदनुसार आगे बढ़ेगा। हालाँकि, वह विवेचना के लिए इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से प्राप्त पहले की जानकारी का उपयोग कर सकेगा और परिवादी के पुलिस थाना अथवा अन्य स्थान पर आने में विलम्ब कारणों को अभिलिखित करेगा;

(सात) पूर्ववर्ती नियमों में अन्यथा अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी यदि इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से प्राप्त सूचना किसी गंभीर अपराध को इंगित करती है, तो थाने का प्रभारी अधिकारी या तो स्वयं या पुलिस उप निरीक्षक की पंक्ति से अनिम्न किसी पुलिस अधिकारी को सम्बन्धित अपराध स्थल पर तत्काल प्रस्थान और आवश्यक विधिपूर्ण कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करेगा;

(आठ) इस प्रकार संग्रहीत संदेशों को एक वर्ष की अवधि तक रखा जाएगा। एक वर्ष पूर्ण होने के पश्चात, अधिकारिता वाले पुलिस उपाधीक्षक की अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त, जो यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें किसी विधिपूर्ण प्रयोजन या अन्यथा के लिए आवश्यक नहीं है, उक्त संदेशों को हटा दिया जाएगा।

जीरो एफ0आई0 आर0

9–अधिकारिता से बाहर संज्ञेय अपराध घटित होने की सूचना प्राप्त होने पर थाने के प्रभारी अधिकारी द्वारा या तत्समय ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस अधिकारी द्वारा सुसंगत धाराओं के अधीन शून्य प्रथम सूचना रिपोर्ट (Zero F.I.R.) विहित परिशिष्ट–क के प्रारूप संख्या–2 में प्रविष्ट की जायेगी, जिसकी प्रक्रिया निम्नवत् होगीः–

(1) यदि सूचना मौखिक रूप से दी गयी है, तो उसके द्वारा या उसके निदेश पर अभिलिखित की जायेगी और सूचना प्रदाता को पढ़कर सुनाई जायेगी और उसके हस्ताक्षर भी प्राप्त किये जायेंगे।

(2) यदि इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से संसूचना दी गयी है, तो उसे देने वाले व्यक्ति द्वारा तीन दिनों के भीतर हस्ताक्षरित किये जाने के पश्चात अभिलिखित की जायेगी और उसका सार पूर्वोक्त परिशिष्ट–क के प्रारूप संख्या–2 में प्रविष्ट किया जायेगा।

(3) किसी महिला द्वारा यौन अपराधों के संबंध में दी गयी सूचना के अभिलेखन की वीडियो फिल्म तैयार की जायेगी।

(4) मामले के रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् या विवेचना या प्रारंभिक जांच के दौरान, यदि यह अवधारित किया जाता है कि अपराध किसी अन्य पुलिस थाना की अधिकारिता में हुआ है, तो यथा स्थिति एफ0आई0आर0 या प्रारंभिक जांच बिना किसी विलम्ब के संबंधित थाने को स्थानांतरित कर दिया जायेगा।

(5) मामले को यथास्थिति, उसी जिले या परिक्षेत्र या जोन के भीतर के किसी पुलिस थाना में स्थानांतरित करना हो, तो स्थानान्तरण की कार्रवाई जिला या परिक्षेत्र या जोनल पुलिस प्रमुख के माध्यम से की जायेगी।

(6) यदि संबंधित पुलिस थाना भिन्न पुलिस जोन में है, तो मामले को जोनल पुलिस प्रमुख के परामर्श से सम्बन्धित जोनल पुलिस प्रमुख के माध्यम से स्थानांतरित किया जाएगा।

(7) यदि संबंधित पुलिस थाना दूसरे पुलिस कमिश्नरेट में है, तो मामले को पुलिस आयुक्त के परामर्श से संबंधित जोनल पुलिस प्रमुख के माध्यम से स्थानांतरित किया जाएगा।

(8) दो पुलिस कमिश्नरेट के मध्य के मामलों को दोनों सम्बन्धित पुलिस आयुक्तों के आपसी परामर्श से स्थानांतरित किया जाएगा।

(9) यदि संबंधित पुलिस थाना दूसरे राज्य में है, तो मामले को पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय के माध्यम से स्थानांतरित किया जाएगा।

(10) केस ट्रांसफर के मामलों में, थाने का प्रभारी अधिकारी जनरल डायरी में एक प्रविष्टि करेगा और संबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट पर सुसंगत टिप्पणी अभिलिखित करेगा।

(11) स्थानांतरित मामले की प्राप्ति पर, संबंधित थाने का प्रभारी अधिकारी अपने पुलिस थाने का एक नया अपराध संख्या जनरेट करेगा और विधि के अनुसार कार्रवाई करेगा।

(12) हस्तांतरित प्रारंभिक जांच की प्राप्ति पर, प्रारंभिक जांच को पूर्ण करने के लिए चौदह दिनों की अवधि, प्राप्तकर्ता पुलिस थाने में सूचना प्राप्त होने की तिथि से प्रारम्भ होगी।

(13) मामले के स्थानान्तरण की प्रक्रिया पांच दिन के अंदर पूर्ण की जायेगी, किसी भी स्थिति में मामले की जांच में विलम्ब नहीं किया जायेगा तथा पीड़ित या सूचना देने वाले के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी प्रयास किए जायेंगे।

(14) यदि पूर्वोक्त उपनियमों में उल्लिखित किसी स्थिति में जोनल एवं कमिश्नरेट के अधिकारियों में सहमति न होने पर अपवाद स्वरूप ही मामला पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को संदर्भित किया जायेगा।

असंज्ञेय अपराध की सूचना

10–जब पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को असंज्ञेय अपराध के किए जाने की सूचना दी जाती है तब वह ऐसी सूचना का सार, एन०सी०आर०बी० द्वारा सी०सी०टी०एन०एस० पर उपलब्ध कराये गये प्रारूप में तैयार किये गये एन०सी०आर० रजिस्टर में प्रविष्ट करेगा, जो इस नियमावली में विहित परिशिष्ट–क के प्रपत्र संख्या–9 में थाने का प्रभारी अधिकारी द्वारा अनुरक्षित की जाएगी, उक्त रजिस्टर का सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी द्वारा नियमित अवलोकन एवं परीक्षण किया जायेगा।

अध्याय–5

अपराध एवं आत्महत्या की सूचना पर कार्रवाई

संज्ञेय अपराध की सूचना

11–(1) किसी संज्ञेय अपराध की सूचना पर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी स्वयं घटना स्थल पर जायेगा अथवा थाने पर नियुक्त पुलिस उप निरीक्षक की पंक्ति से अनिम्न किसी पुलिस अधिकारी को मौके पर जांच एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजेगा।

(2) अपराध की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, जिला पुलिस प्रमुख किसी भी पुलिस उपाधीक्षक को मामले की जांच करने का निदेश दे सकता है।

12–जब पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी, या थाने पर नियुक्त पुलिस उप निरीक्षक की पंक्ति से अनिम्न किसी पुलिस अधिकारी को यह सूचना मिलती है कि किसी व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है अथवा कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति द्वारा या जीव–जंतु द्वारा या किसी यंत्र द्वारा या दुर्घटना में मृत हुआ है, अथवा किसी व्यक्ति की ऐसी परिस्थितियों में मृत्यु हुई है जिनसे उचित रूप से यह संदेह होता है कि किसी अन्य व्यक्ति ने कोई अपराध किया है तो वह मृत्यु समीक्षाएं करने के लिए सशक्त निकटतम तहसीलदार की पंक्ति से अनिम्न कार्यपालक मजिस्ट्रेट को तत्काल उसकी सूचना देगा तथा उस स्थान को जाएगा जहां ऐसे मृत व्यक्ति का शरीर है और वहां पड़ोस के दो या अधिक प्रतिष्ठित निवासियों की उपस्थिति में जॉच करेगा और मृत्यु के दृश्यमान कारण की रिपोर्ट तैयार करेगा जिसमें ऐसे घावों, अस्थिभगों, नीलों और क्षति के अन्य चिन्हों का जो शरीर पर पाए जाएं, वर्णन होगा और यह कथन होगा कि ऐसे चिह्न किस प्रकार से और किस आयुध या उपकरण द्वारा (यदि कोई हो) किए गए प्रतीत होते हैं। इस संबंध में भरे जाने वाले पंचनामें में निम्नलिखित प्रविष्टियां भी की जायेंगीः– आत्महत्या की सूचना

(एक)–मृतक का नाम

(दो)–मृतक का धर्म

(तीन)–मृत्यु का दिनांक एवं परिस्थितियां

(चार)–मृतक की उम्र (लगभग)

(पांच)–पंच सदस्य/परिजन का नाम एवं पता..

(छ)–अन्य सुसंगत विवरण–

(सात)–पंचनामा समिति का सुझाव एवं हस्ताक्षर

13–(1) जब– विवाहिता द्वारा आत्महत्या की सूचना

(एक) मामले में किसी स्त्री द्वारा उसके विवाह की तारीख से सात वर्ष के भीतर आत्महत्या अंतर्वलित है; या

(दो) मामला किसी स्त्री की उसके विवाह के सात वर्ष के भीतर ऐसी परिस्थितियों में मृत्यु से संबंधित है जो यह युक्तियुक्त संदेह उत्पन्न करती है कि किसी अन्य व्यक्ति ने ऐसी स्त्री के संबंध में कोई अपराध किया है; या

(तीन) मामला किसी स्त्री की उसके विवाह के सात वर्ष के भीतर मृत्यु से संबंधित है और उस स्त्री के किसी नातेदार ने उस निमित्त निवेदन किया है; या

(चार) मृत्यु के कारण के विषय में कोई संदेह है; या

(पांच) किसी अन्य कारण हेतु पुलिस अधिकारी ऐसा करना समीचीन समझता है,

तब पीड़ित के निकटतम सम्बंधी को यथाशीघ्र सूचित किया जायेगा।

(2) वह अधिकारी यदि मौसम ऐसा है और दूरी इतनी है कि रास्ते में शरीर के ऐसे सड़ने की जोखिम के बिना, जिससे उसकी परीक्षा व्यर्थ हो जाए, उसे भिजवाया जा सकता है तो शरीर को उसकी परीक्षा की दृष्टि से, निकटतम चिकित्सा अधिकारी के पास या राज्य सरकार द्वारा इस निमित नियुक्त अन्य चिकित्सक के पास भेजेगा।

14–(1) आपराधिक मामलों एवं दुर्घटनाओं से सम्बन्धित मृत शरीर के ससम्मान व परम्परागत रीति रिवाज के साथ अन्त्येष्टि संस्कार के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं के अधीन कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। आपराधिक मामलों एवं दुर्घटनाओं से सम्बन्धित मृत शरीर के सम्बन्ध में प्रक्रिया

(2) यदि अज्ञात व्यक्ति का मृत शरीर अथवा अस्वाभाविक मृत्यु की सूचना प्राप्त हो, तो तत्सम्बन्धी प्रविष्टि एन0सी0आर0बी0 द्वारा सी0सी0टी0एन0एस0 पर उपलब्ध कराये गये प्रारूप में तैयार किये गये अज्ञात व्यक्ति का मृत शरीर अथवा अस्वाभाविक मृत्यु के शीर्षक में प्रविष्ट की जायेगी।

(3) किसी अपराध का शिकार हुए व्यक्ति (मृतक) के मामले में यदि कभी ऐसी परिस्थितियां बनती हैं कि मृतक के शव से कुछ महत्वपूर्ण तथ्य/साक्ष्य प्राप्त किये जाने हैं, तो इस प्रयोजन के लिए सम्बन्धित फोरेंसिक टीम को अन्तर्वलित करते हुए शव परीक्षण के समय ही इसके प्रयास किये जायेंगे । यदि फोरेंसिक टीम अनुपलब्ध है अथवा साक्ष्य संग्रह करने हेतु आवश्यक संसाधनों से रहित है तो विशेषज्ञ टीम के आने व साक्ष्य प्राप्त करने तक अथवा अधिकतम 3 दिन तक (जो भी पहले हो) शव को परिरक्षित रखा जायेगा। शवगृह के कर्मचारियों को मानक का पालन करना होगा और शवों को किसी भी तरह के क्षय या नुकसान से बचाने के लिए यथावश्यक डीप फ्रीजर अथवा लगभग 4 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर ठंडे कक्षों में संग्रहित किया जाना होगा।

(4) यदि मृतक के परिवार के सदस्य द्वारा शव के द्वितीय शव परीक्षण की मांग की जाती है तो इसके लिए उनसे लिखित अनुरोध प्राप्त कर लिया जायेगा। ऐसी परिस्थिति में शव का निस्तारण राज्य सरकार द्वारा विहित मानक संचालन प्रक्रियाओं के अधीन किया जाएगा अथवा तब तक शवगृह में सुरक्षित रखा जाएगा, जब तक कि परिवार के सदस्य सम्बन्धित विवेचनाधिकारी अथवा न्यायालय से द्वितीय शव परीक्षण हेतु आवश्यक अनुज्ञा प्राप्त कर प्रस्तुत नहीं कर देते हैं।

अध्याय–6

विवेचना

प्रारम्भिक जांचों का सघन पर्यवेक्षण

15–(1) ऐसे किसी संज्ञेय अपराध को करने से संबंधित सूचना की प्राप्ति पर जिसमें 03 वर्ष या उससे अधिक का दंड है किन्तु सात वर्ष से अधिक नहीं है, थाने का प्रभारी अधिकारी, ऐसे अपराध की प्रकृति और गम्भीरता पर विचार करते हुए पुलिस उपाधीक्षक की पंक्ति से अनिम्न अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से,

(एक) यह अभिनिश्चित/अवधारित करने के लिए कि क्या चौदह दिनों की अवधि के भीतर मामले में कार्रवाई हेतु प्रथम दृष्टया मामला विद्यमान हैं, प्रारंभिक जांच संचालित कर सकता है; या

(दो) जब प्रथम दृष्टया मामला विद्यमान है, अन्वेषण की कार्रवाई कर सकता है।

(2) जब किसी घटना या शिकायत या अभिकथन के बारे में सूचना थाने के प्रभारी अधिकारी को मिलती है, तो उसे उस सूचना का संक्षिप्त विवरण सामान्य डायरी में भौतिक तथ्यों को बदले बिना अभिलिखित करना होगा तथा प्रारम्भिक जांच की अनुज्ञा पर्यवेक्षणीय अधिकारी से प्राप्त करनी होगी।

(3) थाने के प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रारम्भिक जाँच के लिये अनुरोध प्राप्त होने के 24 घण्टे के भीतर सम्बन्धित पुलिस उपाधीक्षक या उससे ऊपर की पंक्ति के पुलिस अधिकारी द्वारा लिखित में अनुज्ञा प्रदान की जायेगी या अस्वीकार की जायेगी। यदि विहित समय सीमा के भीतर अनुज्ञा प्रदान नहीं की जाती है या अनुज्ञा पहुंचायी नहीं जाती है तो थाने के प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट रजिस्ट्रीकृत की जायेगी।

(4) प्रारम्भिक जांच की प्रतिदिन की रिपोर्ट पर्यवेक्षण अधिकारी एवं न्यूनतम अपर पुलिस अधीक्षक की पंक्ति के पुलिस अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी।

(5) प्रत्येक प्रारम्भिक जॉच 14 दिनों के भीतर पूर्ण करनी होगी तथा ऐसा करने में निष्फल होने की दशा में सम्बन्धित विवेचक को कारण बताओं नोटिस निर्गत किया जायेगा तथा संतोषप्रद उत्तर प्राप्त न होने पर उसके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई आरम्भ की जायेगी।

(6) प्रारम्भिक जांच के संबंध में प्रत्येक थाने, सम्बन्धित पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय एवं जिला मुख्यालय स्तर पर एक प्रारम्भिक जांच पंजिका भौतिक अथवा डिजिटल मोड में पुलिस महानिदेशक द्वारा विहित प्रारूप में अनुरक्षित की जायेगी, जो सदैव अद्यतन रहेगी।

(7) प्रारम्भिक जांच के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया का निर्धारण पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जायेगा, जो जांच अधिकारी पर बाध्यकारी होगा।

(8) अपराधों की प्रारम्भिक जांच के संबंध में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर सामान्य अथवा विशेष आदेश के माध्यम से मार्गदर्शक सिद्धांत निर्गत कर सकती है।

(9) जिला पुलिस प्रमुख द्वारा प्रत्येक मासिक अपराध समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण जिले में प्रचलित समस्त प्रारम्भिक जॉचों की स्वयं सघन समीक्षा की जायेगी।

विवेचना का आरम्भ

16– यदि पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को, सूचना प्राप्त होने पर या अन्यथा, यह संदेह करने का कारण है कि ऐसा अपराध किया गया है जिसका विवेचना करने के लिए संहिता की धारा 175 के अधीन वह सशक्त है तो वह उस अपराध की रिपोर्ट उस मजिस्ट्रेट को तत्काल भेजेगा जो ऐसे अपराध का पुलिस रिपोर्ट पर संज्ञान करने के लिए सशक्त है और मामले के तथ्यों और परिस्थितियों का विवेचना करने के लिए, और यदि आवश्यक हो तो अपराधी के प्रकटीकरण और उसकी गिरफ्तारी के उपाय करने के लिए, उस स्थान पर या तो स्वयं जाएगा या अपने अधीनस्थ अधिकारियों में से एक को तैनात करेगा जो उपनिरीक्षक की पंक्ति से निम्नतर पंक्ति का न होगा।

इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की अभिरक्षा

17–इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की शुचिता एवं अभिरक्षा की श्रृंखला सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट एवं प्रबन्धित क्लाउड आधारित साक्ष्य लॉकर अथवा राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त किसी अन्य अधिसूचित लॉकर में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य परिरक्षित एवं संहिता की धारा 193 तथा अन्य सुसंगत उपबंधों के अधीन सक्षम न्यायालय एवं सम्बन्धित प्राधिकारियों को पारेषित किये जायेंगे।

ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक्स माध्यम से तलाशी और अभिग्रहण की रिकॉर्डिंग

18–(1) किसी व्यक्ति या स्थान की तलाशी लेने और किसी संपत्ति, वस्तु या सामग्री को कब्जे में लेने की प्रक्रिया, जिसमें तलाशी और अभिग्रहण के दौरान अभिग्रहीत सभी वस्तुओं की सूची तैयार करना और साक्षियों द्वारा ऐसी सूची पर हस्ताक्षर करना सम्मिलित है, अनिवार्य रूप से भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट ई–साक्ष्य ऐप अथवा राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किसी अन्य ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से की जायेगी, जिसके लिए पुलिस थाना या ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारी के मोबाइल फोन या अन्य ऑडियो वीडियो इलेक्ट्रॉनिक युक्ति का प्रयोग किया जायेगा। इस प्रकार की गई वीडियो–रिकॉर्डिंग केस डायरी का हिस्सा होगी। जहां तक संभव हो, वीडियो के साथ रिकॉर्डिंग का अक्षांश–देशांतर और समय भी रिकॉर्ड किया जाना होगा।

(2) पुलिस अधिकारी अविलम्ब, किन्तु 48 घंटे के बाद नहीं, साक्षियों के हस्ताक्षर और तलाशी और अभिग्रहण प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ अभिग्रहीत की गई वस्तुओं की सूची की एक प्रति मजिस्ट्रेट को भेजेगा।

(3) राज्य के प्रत्येक जिले का एक अंतर–संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आई0सी0जे0एस0) नोडल अधिकारी गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित किया जायेगा तथा आईसीजेएस प्लेटफॉर्म पर 'ई–साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन' तक पहुंचने के लिए पुलिस थानावार प्राधिकृत उपयोगकर्ता उत्तर प्रदेश तकनीकी सेवायें, मुख्यालय द्वारा बनाये जायेंगे।

(4) उपरोक्तानुसार पुलिस थाना के प्राधिकृत उपयोगकर्ता एमसेवा (mSeva) मोबाइल ऐप स्टोर से ई–साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सकेंगे तथा स्वयं को आवंटित मोबाइल फोन पर ई–साक्ष्य मोबाइल ऐप इंस्टॉल कर सकेंगे।

(5) ई–साक्ष्य पोर्टल पर लाईव होने तथा इस पर संग्रहीत साक्ष्यों की अपलोडिंग एवं डाउनलोडिंग की मानक संचालन प्रक्रिया एन0सी0आर0बी0 के समन्वय से पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा अवधारित की जायेगी।

वादी या पीड़ित को विवेचना की प्रगति की सूचना देना

19–(1) विवेचना अधिकारी, विवेचना के पूर्ण होने के 90 दिनों की अवधि के भीतर, वादी या पीड़ित को विवेचना की प्रगति के बारे में एसएमएस, ईमेल या ऐसे किसी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जो समुचित हो या डाक द्वारा सूचित करेगा।

(2) विवेचना की प्रगति की सूचना में विवेचना अधिकारी और फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा अपराध स्थल के निरीक्षण की तारीख, फोरेंसिक जांच के लिए प्रेषित साक्ष्य, साक्षियों के कथन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी की स्थिति या अन्यथा आरोपी इत्यादि का विवरण आदि सम्मिलित होंगे।

(3) विवेचना अधिकारी वादी या पीड़ित को दी गई सूचना को पुलिस थाना की सामान्य डायरी में दर्ज करेगा। यह साबित करने का उत्तरदायित्व विवेचना अधिकारी को होगा कि सूचना संबंधित को दी गई थी।

ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से बयान की रिकॉर्डिंग

20–(1) विवेचना अधिकारी ऐसे साक्षियों के बयान ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम तथा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन माध्यम यथा ई–साक्ष्य से भी दर्ज कर सकता है, जैसा वह विवेचना के हित में उचित समझे। तत्सम्बन्धी ऑडियो–वीडियो क्लिप केस डायरी का हिस्सा होंगे।

(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 64 से 71, धारा 74 से 79 और धारा 124 के अधीन दंडनीय समस्त मामलों में, विवेचना अधिकारी पीड़ित का बयान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 183 के अधीन प्राधिकृत मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज करवाएंगे।

(3) संहिता की धारा 183 के अधीन आवेदन सम्बन्धित अभियोजक द्वारा सिफारिश सहित अग्रसारित किया जायेगा। ऐसी सिफारिश से पूर्व सम्बन्धित अभियोजक द्वारा उक्त साक्षी का साक्षात्कार भी किया जा सकेगा। जहां तक संभव हो, ऐसा बयान महिला मजिस्ट्रेट द्वारा और उसकी अनुपस्थिति में किसी महिला की उपस्थिति में, पुरुष मजिस्ट्रेट द्वारा अभिलिखित किया जायेगा।

(4) दस वर्ष या उससे अधिक के कारावास या आजीवन कारावास या मृत्युदंड से दंडनीय समस्त अपराधों में, विवेचना अधिकारी प्राधिकृत मजिस्ट्रेट द्वारा प्रासंगिक और महत्वपूर्ण साक्षियों के बयान अभिरक्षित करवाएंगे।

(5) जहां बयान देने वाला व्यक्ति अस्थायी या स्थायी रूप से मानसिक रूप से निःशक्त है, वहां मजिस्ट्रेट बयान अभिलिखित करने में दुभाषिया या विशेष शिक्षक की सहायता लेगा।

(6) बयान को ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम तथा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन माध्यम यथा ई–साक्ष्य, से भी अभिलिखित किया जायेगा। अभिलिखित बयानों को विवेचना अधिकारी द्वारा केस डायरी में दर्ज किया जाएगा।

सात वर्ष से अधिक कारावास से दण्डनीय अपराधों की दशा में फोरेंसिक टीम द्वारा कार्रवाई

21—(1) जब तक प्रत्येक जिले में अतिरिक्त फोरेंसिक सुसज्जित वैन और जनशक्ति उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक प्रत्येक जिले में उपलब्ध फोरेंसिक क्षेत्र इकाई, सात साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराध के स्थल पर विहित मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र करेगी जैसा कि पूर्वोक्त है और तदनुसार ही भेजेगी। वह मोबाइल फोन या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग युक्ति पर फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र करने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी सुनिश्चित करेगा।

(2) जिला पुलिस प्रमुख जिले के भूगोल और अपराध पैटर्न के आधार पर उक्त फोरेंसिक सुसज्जित वैन और जनशक्ति को जिला मुख्यालय या किसी अन्य स्थान पर अभिनियोजित करने का विनिश्चय करेगा।

(3) जघन्य अपराधों, विशेष रूप से हत्या और यौन अपराधों के लिए, जिला मोबाइल वैन प्रशिक्षित वैज्ञानिकों और पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध स्थल का दौरा करेगी और समस्त फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र करेगी।

(4) अन्य अपराधों के लिए, पुलिस स्टेशन में फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम सभी फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र करने के लिए अपराध स्थल का दौरा करेगी।

(5) जिला मोबाइल वैन की किसी भी कमी के मामले में, जिला पुलिस प्रमुख रेंज के प्रभारी अधिकारी से प्रतिक्रिया देने के लिए पड़ोसी जिले से एक मोबाइल वैन नियुक्त करने का अनुरोध करेगा।

सरकारी वैज्ञानिक विशेषज्ञ

22—उत्तर प्रदेश राज्य में निम्नलिखित को सरकारी वैज्ञानिक विशेषज्ञों के रूप में मान्यता होगी, अर्थातः—

(क) सरकार का कोई रासायनिक परीक्षक या सहायक रासायनिक परीक्षक;

(ख) मुख्य विस्फोटक नियंत्रक;

(ग) अंगुली—छाप कार्यालय निदेशक;

(घ) निदेशक, हाफकीन संस्थान, मुम्बईः

(ङ) किसी केन्द्रीय न्याय संबंधी विज्ञान प्रयोगशाला या किसी राज्य न्याय संबंधी विज्ञान—प्रयोगशाला का निदेशक उप—निदेशक या सहायक निदेशक;

(च) सरकारी सीरम विज्ञानी;

(छ) सरकारी वैज्ञानिक विशेषज्ञों के रुप में उत्तर प्रदेश विधि विज्ञान प्रयोगशाला के संयुक्त निदेशक, वैज्ञानिक अधिकारी एवं ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक।

अन्वेषण के दौरान साक्षियों की समन पंजिका एवं व्यय

23—(1) प्रत्येक पुलिस थाना पर समन किये गये व्यक्तियों के सम्बन्ध में एक रजिस्टर रखा जायेगा, जिसमे निम्नलिखित प्रविष्टियां की जायेंगीः—

(एक) समन किये गये व्यक्ति का पूर्ण नाम, आयु एवं लिंग,

(दो) समन किये गये व्यक्ति के पिता/पति—पत्नी का नाम,

(तीन) समन किये गये व्यक्ति का वर्तमान पता एवं स्थायी पता यदि हो तो,

(चार) समन किये गये व्यक्ति का मोबाईल नम्बर, व्हाट्सएप नंबर,

(पांच) समन किये गये व्यक्ति का ईमेल एड्रेस,

(छः) जिला का नाम,

(सात) पुलिस थाना का नाम,

(आठ) अपराध संख्या,

(नौ) धारा,

(दस) न्यायालय का नाम,

(ग्यारह) न्यायालय का वाद संख्या।

(2) अपने निवास स्थान से भिन्न किसी स्थान पर हाजिर होने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के उचित व्ययों का पुलिस अधिकारी द्वारा संदाय कराने के लिए राज्य सरकार इस निमित्त विभिन्न हितग्राही विभागों से परामर्श कर सुसंगत नीति जारी करेगी।

कतिपय व्यक्तियों को बुलाने पर निर्बंधन

24—संहिता की धारा 194 के अधीन अन्वेषण के प्रयोजनार्थ, 15 वर्ष से कम आयु या 60 वर्ष से अधिक आयु का कोई पुरुष या महिला या मानसिक या शारीरिक रूप से निःशक्त व्यक्ति या गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति के लिए उस व्यक्ति के निवास स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर उपस्थित होना अपेक्षित नहीं होगा। जब तक कि ऐसा व्यक्ति पुलिस थाना या ऐसे पुलिस थाना की सीमा के भीतर किसी अन्य स्थान पर उपस्थित होने और देने के लिए इच्छुक न हो।

अध्याय–7

गिरफ्तारी

25–(1) प्रत्येक जिला पुलिस नियन्त्रण कक्ष एवं प्रत्येक पुलिस थाना में एक–एक पुलिस उप निरीक्षक को पदाभिहित किया जाता है कि वह गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों का नाम और पता के बारे में सदैव स्वयं को अद्यतन रखेगा तथा गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों का नाम और पता के बारे में सम्पूर्ण सूचना ग्रहण करने और उसे सुरक्षित रखने के लिए उत्तरदायी होगा। गिरफ्तारी सूचना पुस्तिका

(2) इस तथ्य की प्रविष्टि कि ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी की सूचना किसे दी गई है, पुलिस थाने में रखी जाने वाले रजिस्टर तथा सी०सी०टी०एन०एस० सॉफ्टवेयर में ऐसी सूचनाओं के साथ जो भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जायें, में की जायेगी।

(3) प्रत्येक थाने और जिला मुख्यालय पर सामान्य नोटिस बोर्ड तथा डिजीटल मोड पर भी गिरफ्तार व्यक्तियों का विवरण प्रमुखता से प्रदर्शित किया जायेगा।

26–(1) पुलिस अधिकारी को गिरफ्तारी के समय आम तौर पर वर्दी पहननी होगी, जब तक कि वे गैर–वर्दी इकाईयों से संबंधित न हों। वर्दी पर उसका नाम और पदनाम स्पष्ट रूप से अभिलिखित होगा। पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार करते समय अपनी पहचान स्पष्ट रूप से प्रकट करनी होगी

(2) प्रत्येक पुलिस अधिकारी को गिरफ्तारी के समय सरकार द्वारा जारी अपना पहचान पत्र रखना होगा।

(3) उन्हें अभियुक्त और परिवार के सदस्यों को अपना नाम, पदनाम, पुलिस थाना/यूनिट स्पष्ट रूप से सूचित करना होगा।

अध्याय–8

रिपोर्ट का प्रेषण

27–संहिता की धारा 176 के अधीन मजिस्ट्रेट को भेजी जाने वाली प्रत्येक रिपोर्ट, क्षेत्राधिकारी की रैंक से अनिम्न स्तर के अधिकारी द्वारा भेजी जायेगी। प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अन्वेषण न किये जाने की रिपोर्ट का न्यायालय को भेजना

28–(1) जैसे ही अन्वेषण पूर्ण होता है, वैसे ही पुलिस थाना का प्रभारी अधिकारी, पुलिस रिपोर्ट अभियुक्त का नाम, पता एवं उसके पत्राचार का पता अनिवार्य रूप से प्रमाणित करते हुये उस अपराध का संज्ञान करने के लिए सशक्त मजिस्ट्रेट को इस नियमावली के परिशिष्ट–क में विहित एन0सी0आर0बी0 द्वारा विहित प्रारूप संख्या–3 (IIF–V) में एक रिपोर्ट भेजेगा, पुलिस रिपोर्ट का न्यायालय को पारेषण

(2) थाना का प्रभारी अधिकारी अथवा विवेचना अधिकारी, अपने द्वारा की गई कार्रवाई की संसूचना, उस व्यक्ति को, यदि कोई हो, जिसने अपराध किए जाने के संबंध में सर्वप्रथम सूचना दी अथवा पीड़ित को इलेक्ट्रॉनिक मोड अथवा भौतिक (manually) रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

(3) संहिता की धारा 193 की उपधारा (4) के अधीन अन्वेषण समाप्त हो जाने पर तैयार की गयी पुलिस अधिकारी की रिपोर्ट, यथास्थिति, क्षेत्राधिकारी की पंक्ति से अनिम्न स्तर के अधिकारी द्वारा न्यायालय को पारेषित की जायेगी और वह, मजिस्ट्रेट का आदेश होने तक के लिए, पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी को निदेश दे सकता है कि वह अग्रेतर अन्वेषण करे।

(4) किसी अपराध के सम्बन्ध में संहिता की धारा 193 की उपधारा (3) के अधीन मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात आगे किसी भी अन्वेषण को वर्जित नहीं समझा जायेगा तथा जहां ऐसे अन्वेषण पर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को कोई अतिरिक्त मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य मिले वहां वह ऐसे साक्ष्य के संबंध में अतिरिक्त रिपोर्ट या रिपोर्ट मजिस्ट्रेट को इस नियमावली के परिशिष्ट–क में विहित एन0सी0आर0बी0 द्वारा विहित प्रारूप संख्या–3 (IIF–V) में एक भौतिक रूप से अथवा इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से रिपोर्ट भेज सकेगा।

अध्याय–9

न्यायिक प्रक्रिया

29–उत्तर प्रदेश राज्य में उच्च न्यायालय से भिन्न प्रत्येक न्यायालय की भाषा हिन्दी तथा लिपि देवनागरी तत्सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय अंक एवं चिन्ह होंगे। न्यायालय की भाषा

30–जहां अभियोजन पक्ष द्वारा किसी भी न्यायालय के समक्ष कोई अभिलेख प्रस्तुत किया जाता है, ऐसे अभिलेख को अभिलेखों की सूची में सम्मिलित किया जाएगा, जो इस नियमावली के परिशिष्ट–क के प्रपत्र संख्या–13 में होगी। दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का प्रारूप

समन तामील की रीति

31—(1) समन की तामील भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक रूप से निम्नवत् की जा सकेगी:—

(क) यथास्थिति पुलिस, लोक सेवक अथवा राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा साक्षी या अभियुक्त को प्रत्यक्षतः

(ख) ई—मेल द्वारा, यदि ई—मेल पता उपलब्ध हो;

(ग) समाचार पत्रों में प्रकाशन के माध्यम से;

(घ) सम्बन्धित जिला के विभिन्न लोक स्थानों के नैसर्गिक रूप से दृश्य भाग पर रखकर।

(2) उक्त के अतिरिक्त समन की तामील इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से की जा सकेगी।

(3) समन तामीला के संबंध में यथा स्थिति भारत सरकार द्वारा अथवा राज्य सरकार द्वारा विनिश्चित इलेक्ट्रॉनिक अथवा डिजीटल एप्लीकेशन आधारित प्रणाली यथा आई०सी० जे०एस०, नेशनल सर्विस एण्ड ट्रैकिंग ऑफ इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेस (एन—स्टेप) अथवा किसी अन्य समरूप प्रणाली के माध्यम से की जा सकेगी।

(4) समन की तामील पुलिस अधिकारी द्वारा या किसी अन्य लोक सेवक अथवा व्यक्ति द्वारा, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हो, द्वारा की जायेगी।

(5) समन तामील के संबंध में निम्नलिखित मार्गदर्शी सिद्धान्तों का भी पालन किया जायेगा:—

(क) प्रत्येक पुलिस थाना पर एक समन रजिस्टर भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप में ऐसे प्रारूप में रखा जायेगा, जैसा समय—समय पर पुलिस महानिदेशक अथवा राज्य सरकार सामान्य या विशेष आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये, जिसमें प्रधान लिपिक द्वारा दिनांक पेशी वार समन/वारन्ट की सूचना प्रविष्ट की जायेगी ताकि पुलिस थाना पर प्राप्त होने वाले समन/वारन्ट दिनांक पेशी से पूर्व अदम/बाद तामील न्यायालय में प्रेषित किए जाने में कोई लापरवाही ना हो। उक्त समन रजिस्टर में आदेशिका जारी होने का दिनांक, न्यायालय से आदेशिका प्राप्त होने का दिनांक, प्राप्तकर्ता के विवरण सहित आदेशिका तामील किये जाने का दिनांक, आदेशिका बिना तामील हुये वापस आने का कारण तथा तामीलशुदा तथा बिना तामील हुई आदेशिकाओं को न्यायालय प्रेषित किये जाने का दिनांक अभिलिखित किया जायेगा।

(ख) यदि तामीलकर्ता समन/वारन्ट को अदम तामील लौटाता है तो वह यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित करेगा कि वांछित व्यक्ति अस्थाई रूप से निवास स्थान से बाहर गया हुआ है अथवा स्थाई रूप से यदि कुछ समय के लिए बाहर गया है तो वह वापस कब तक लौटेगा तथा बाहर जाने वाले स्थान का पूर्ण पता भी ज्ञात कर उल्लिखित करेगा।

(ग) यदि वारन्ट तामील नहीं हो सका है तो अभियुक्त का फरार होना मानते हुये सुसंगत कार्रवाई आवश्यक रूप से करायी जायेगी एवं अभियुक्त की सम्पत्ति की सूची न्यायालय में प्रस्तुत की जायेगी ताकि संहिता की धारा 84 एवं 85 की कार्रवाई पूर्ण करते हुए सम्पत्ति की कुर्की हो सके।

(घ) जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी पुलिस थानों के भ्रमण/निरीक्षण के समय समन/वारन्ट के तामील के स्तर की समीक्षा आवश्यक रूप से करेंगे व कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक प्रशासनिक विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

(ङ) जहाँ लोक अभियोजक द्वारा किसी साक्षी स्थानांतरित पुलिसकर्मी का वर्तमान पता ज्ञात न किया जा पा रहा हो वहाँ ऐसे पुलिसकर्मी का समन स्थानीय पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त पुलिस के स्थापना शाखा के अधिकारी के पास पुलिस मुख्यालय लखनऊ भेजकर उन्हें तामील कराया जायेगा।

(च) सेवानिवृत्त पुलिस अथवा अन्य शासकीय सेवाओं के समन/वारन्ट प्राप्त होने पर यदि उनके निवास स्थान का पूर्ण पता ज्ञात नहीं हो तो पेंशन विभाग से मालूम किया जायेगा। यदि पेंशन विभाग द्वारा दिया गया पता गलत हो तो बैंक अकाउंट का नंबर प्राप्त कर बैंक के माध्यम से पता ज्ञात किया जायेगा।

(छ) जब न्यायालय से किसी राजपत्रित अधिकारी को साक्षी के तौर पर आहूत किये जाने का अनुरोध किया जाय तो उसकी उपस्थिति हेतु दिनांक नियत कराते समय यह बात विचार में रखी जायेगी कि उसे उसकी अनुपस्थिति के दौरान उसके दायित्वों के निर्वहन का समुचित प्रबन्ध करने का अवसर उपलब्ध रहे।

(ज) शीर्ष पुलिस अधिकारीगण तथा समस्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि समस्त सत्र विचारणों में आहूत किये गये पुलिस साक्षी एवं अन्य लोक सेवक प्रत्येक दशा में नियत दिनांक व समय पर न्यायालय में भौतिक अथवा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहें। यदि कोई पुलिसकर्मी न्यायालय के आदेश की अवहेलना करता है तो उसके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

(झ) स्थानीय रूप से तैनात सरकारी कर्मचारियों को पुलिस के माध्यम से ही नहीं अन्य स्थानीय माध्यमों से उनके कार्यालयाध्यक्षों को समन भेजा जायेगा तथा अवहेलना के मामलों में विभागाध्यक्ष को समन भेजा जाये ताकि समयबद्ध तामीला सुनिश्चित हो सके।

(ञ) जबकि किसी पुलिस अथवा चिकित्सक साक्षी को साक्षी की उपस्थिति हेतु तैनाती अथवा निवास की स्थिति किसी भी भाँति ज्ञात न हो रही हो तो ऐसी दशा में समन यथास्थिति पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश एवं महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश को प्रेषित किये जायेंगे।

(ट) जिला एवं सत्र न्यायधीश की अध्यक्षता में गठित जिला मानीटरिंग सेल की बैठक में समन तामीला की स्थिति पर आवश्यक रूप से विचार किया जायेगा।

अध्याय–10

वीडियो कान्फ्रेसिंग

वीडियो कान्फ्रेसिंग

32–वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से साक्ष्य अभिलेखन की प्रसुविधा प्रदान करने तथा उक्त के संचालन हेतु अभियोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश उत्तरदायी होगा।

वीडियो कान्फ्रेसिंग के प्रतिभागकर्ता

33–वीडियो कान्फ्रेंसिग के निम्नलिखित प्रतिभागकर्ता होंगेः–

(1) साक्षी

(2) सुदूर स्थल का समन्वयकर्ता

(3) न्यायालय स्थल का समन्वयकर्ता

(4) अभियोजक

(5) न्यायालय के सम्बन्धित अधिकारी

वीडियों कॉफ्रेसिंग स्थल

34–संहिता की धारा 265 की उपधारा (3) के द्वितीय परन्तुक के अधीन उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जिला न्यायालयों पर साक्षियों की परीक्षा के लिए स्थापित वीडियो कान्फ्रेंसिग कक्ष के अतिरिक्त निम्नलिखित स्थानों पर स्थापित होने वाले वीडियो कान्फ्रेंसिग कक्ष को अभिहित स्थान माना जायेगाः–

(1) कारागार।

(2) अभियोजन कार्यालय।

(3) कलेक्ट्रेट परिसर ।

(4) जिला पुलिस लाइन ।

(5) ऐसा कोई स्थान जो राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामान्य या विशेष आदेश के माध्मय से विनिर्दिष्ट किया जाय।

(6) अन्य कोई स्थान जो राज्य सरकार द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये।

अभियोजक का दायित्व

35–(1) अभियोजक का यह दायित्व होगा कि वह वीडियो कान्फ्रेंसिंग की प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित करे कि प्रस्तुत साक्षी को उसके साक्ष्य के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा दी गयी है और वह पूरी तरह से न्यायालय की प्रक्रिया से भिज्ञ है।

(2) अभियोजक को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि साक्ष्य की प्रक्रिया के दौरान जिन प्रपत्रों पर प्रदर्श डलवाये जाने हैं, वह साक्षी को समुचित रूप से दृश्य है और वह उन्हें देख और समझ कर प्रदर्श अभिलिखित करा रहा है।

(3) अभियोजक को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि साक्षी पूछे जा रहे प्रश्नों को समझ पा रहा है अथवा नहीं। साक्षी से यह अपेक्षित है कि वह साक्ष्य का अभिकथन पूर्ण होने के पश्चात अभिलिखित कथन को पूर्ण रूप से पढ़कर तथा यह समझकर कि उसके द्वारा जो उत्तर दिए गए है वही अभिलिखित किया गया है वह अभिकथन पर प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर बनाएगा।

(4) अभियोजक का यह भी दायित्व होगा कि वह यह सुनिश्चित करें कि साक्षी से अनावश्यक प्रश्न न पूछे जाए और विहित समय के अंदर साक्षी का साक्ष्य पूर्ण हो सके।

(5) न्यायालय में उपस्थित अभियोजक को यह सुनिश्चित करना होगा कि साक्ष्य पूर्ण होने पर अभिलिखित किए गए साक्ष्य की स्कैन्ड प्रति पर साक्षी के हस्ताक्षर प्राप्त हो गये है और वह पत्रावली में दाखिल किया जा चुका है।

(6) अभियोजक का यह दायित्व होगा कि वह वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान न्यायालय की शिष्टता को बनाए रखना सुनिश्चित करे।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग प्रक्रिया

36–वीडियो कांफ्रेंसिंग की प्रक्रिया जैसा कि उत्तर प्रदेश राज्य न्यायालय वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली, 2020 के अध्याय–3 में उपबन्धित है, के अनुसार होगी।

सामान्य

37–(1) विशेष परिस्थितियों में विवेचना के दौरान, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संहिता की धारा 183 के अधीन किसी साक्षी अथवा पीड़ित का कथन भी अभिलिखित किया जा सकता है जिसमें पुलिस अधिकारी एवं अभियोजक द्वारा पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधाओं का उपयोग समस्त चरणों की न्यायिक कार्यवाहियों और न्यायालय द्वारा संचालित कार्यवाहियों में किया जा सकता है।

(3) वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संचालित की गयी समस्त कार्यवाहियाँ, न्यायिक कार्यवाहियाँ होंगी और किसी न्यायालय के लिये लागू समस्त शालीनतायें और प्रोटोकाल इन कार्यवाहियों में लागू होंगे।

अध्याय–11

पूर्वतन दोषसिद्ध अपराधी

रिहा किए गए दोषियों द्वारा निवास की सूचना

38–(1) जहां संहिता की धारा 394 के अधीन आदेश पारित किया गया हो कि एक दोषी व्यक्ति अपनी रिहाई के पश्चात विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए अपने निवास तथा निवास परिवर्तन की सूचना सम्बन्धित पुलिस अधिकारी को देगा, तो ऐसा आदेश पारित करने वाला न्यायालय या मजिस्ट्रेट ऐसे दोषी के संबंध में संहिता की धारा 458 के अधीन जारी किए गए अभ्यर्पण वारंट में उसका अभिलेख दर्ज करेगा।

(2) विनिर्दिष्ट आदेश की एक प्रति दोषी को जेल से रिहा होने से पहले तामील की जाएगी। इन नियमों की एक प्रति उसे दी जाएगी, और उसका सार उसे उस भाषा में पूरी तरह से समझाया जाएगा जिसे वह समझता है। उसे यह भी बताया जाएगा कि वह कितने समय तक इन नियमों का पालन करने के लिए बाध्य है, और उनका पालन करने में कोई भी उपेक्षा या विफलता उसे दंड के लिए उत्तरदायी बनाएगी जैसे कि उसने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 211 (ग) के अधीन कोई अपराध किया हो।

दोषी द्वारा अपने आशयित निवास का ब्योरा दिया जाना

39–जिस दोषी के संबंध में ऐसा आदेश पारित किया गया हो, उसे, उस जेल के प्रभारी अधिकारी द्वारा आहूत किये जाने पर, जिसमें वह निरूद्ध है, रिहाई से पूर्व उस स्थान का नाम तथा पूरा पता बताना होगा, जहां वह रिहाई के पश्चात निवास करना चाहता है।

निकटतम पुलिस थाने को सूचित करना

40–रिहाई के पश्चात तथा अपने निवास पर पहुंचने पर वह 24 घंटे के भीतर निकटतम पुलिस थाने को सूचित करेगा कि वह उल्लिखित पते पर निवास कर रहा है।

निवास बदलने का आशय सूचित किया जाना

41–जब कभी रिहा किया गया दोषी अपना निवास बदलने का आशय रखता है, तो उसे ऐसा परिवर्तन करने से न्यूनतम दो दिवस पूर्व, निकटतम पुलिस थाने में अपने उक्त आशय की सूचना देनी होगी, तथा नये आशयित निवास स्थान का पता तथा वह तिथि सूचित करनी होगी जिस तिथि से वह उक्त स्थान पर निवास करना चाहता है।

पूर्वोक्त परिवर्तित निवास स्थान पर पहुंचने पर, वह 24 घंटे के भीतर निकटतम पुलिस थाने को सूचित करेगा कि उसने तदनुसार अपना निवास प्रारम्भ कर दिया है।

सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच अनुपस्थिति की सूचना

42–जब भी कोई रिहा किया गया अपराधी सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच अपने निवास से अनुपस्थित रहने का आशय रखता है, तो उसे अपनी अनुपस्थिति का समय और उद्देश्य बताते हुए निकटतम पुलिस थाने में अपने उक्त आशय की सूचना देनी होगी और उस अवधि के दौरान उसे जिस पते पर पाया जा सकता है, उसका सही पता बताना होगा।

परिवर्तन की सूचना दी जानी चाहिए

43–पूर्वगामी नियमों द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक सूचना रिहा किए गए अपराधी द्वारा व्यक्तिगत रूप से दी जाएगी, जब तक कि बीमारी या अन्य पर्याप्त कारण से ऐसा करने से निवारित न किया गया हो, जिस स्थिति में अपेक्षित सूचना या तो उसके द्वारा सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित पत्र द्वारा या उसकी ओर से अधिकृत संदेशवाहक अथवा अन्य दूरसंचार एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा दे सकेगा।

सूचना की प्राप्ति प्रमाणित करना

44–जब भी रिहा किया गया अपराधी पूर्वगामी नियमों द्वारा अपेक्षित कोई सूचना देता है, तो उसे उस अधिकारी द्वारा जिसे यह सूचना दी गयी है इस आशय का प्रमाण–पत्र निर्गत किया जायेगा।

45–यदि कोई दोषी जिसके संबंध में संहिता की धारा 394 के अधीन आदेश पारित किया गया है, उक्त आदेश की प्रति प्राप्त किए बिना जेल से रिहा हो गया है, तो जब तक आदेश प्रभावी है, उसे किसी भी समय सम्बन्धित पुलिस थाने द्वारा बुलाया जा सकता है कि वह किसी निश्चित दिन उस स्थान के निकट स्थित पुलिस थाने में उपस्थित हो, जहां वह पाया गया है, तथा उसके उपस्थित होने पर, आदेश की प्रति उसे तामील की जाएगी, तथा पूर्वोक्त नियमों द्वारा विहित अन्य औपचारिकताओं का अनुपालन किया जाएगा।

दोषी को बुलाना तथा नोटिस तामील करना

स्पष्टीकरणः–उपरोक्त नियमों को ऐसे घुमन्तू व्यक्ति के मामले में लागू करते समय, जिसका कोई निश्चित निवास स्थान नहीं है, उनका युक्तियुक्त निर्वचन इस प्रकार की जा सकती है कि वह उस स्थान पर निवास करता है जहां वह सोता है, भले ही वह वहां केवल एक रात ही क्यों न रहे। अतः उसकी रिहाई पर उससे पूछा जा सकता है कि वह कहां रहने जा रहा है, और उसे बताया जा सकता है कि यदि वह उक्त स्थान से बाहर जाता है, तो उसे अस्थायी निवास स्थान की सूचना सदैव पुलिस थाने को देनी होगी।

46–इस अध्याय में उल्लिखित नियमों के भंग किए जाने अथवा उल्लंघन की दशा में वह उसी दण्ड से दण्डनीय होगा जैसा कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 (अधिनियम संख्या 45 सन् 2023) की धारा 211 (ग) के अधीन उपबंधित है।

नियम के भंग किए जाने के लिए शास्ति

अध्याय–12

संपत्ति की अभिरक्षा और निपटारा

47–(1) जहाँ कोई सम्पत्ति किसी न्यायालय के समक्ष किसी अन्वेषण, जाँच या विचारण के दौरान प्रस्तुत की जाय, तो विवेचना अधिकारी ऐसी संपत्ति की उचित अभिरक्षा के लिए ऐसा आदेश देगा।

संपत्ति के ब्यौरे अंतर्विष्ट करने वाला विवरण

(2) यदि संपत्ति त्वरित और प्रकृत्या क्षयशील है, तो विवेचना अधिकारी संपत्ति का विवरण तैयार करने के लिए न्यायालय या मजिस्ट्रेट को एक आवेदन प्रस्तुत करेगा और क्षय शुरू होने से पहले इसके निपटारे का अनुरोध करेगा। न्यायालय या मजिस्ट्रेट, संपत्ति के साक्ष्य अभिलेखन के बाद, संपत्ति को बेचने या अन्यथा निपटारे के लिए उचित आदेश जारी करेगा।

(3) अन्य प्रकार की संपत्ति के लिए, विवेचना अधिकारी, अविलम्ब, पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत करेगा कि ऐसी संपत्ति के संबंध में सभी विवेचनात्मक प्रक्रियाएं जैसे फोरेंसिक जांच और पहचान आदि पूरी कर ली गई हैं तथा अब अन्वेषण की और आवश्यकता नहीं है। थाने का प्रभारी अधिकारी आवेदन की विषयवस्तु का सत्यापन करेगा तथा संस्तुष्ट होने पर विवेचना अधिकारी को तत्सम्बन्धी आवेदन सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु संस्तुति प्रदान करेगा।

(4) तत्पश्चात विवेचना अधिकारी अभिग्रहीत की गई संपत्ति के अभिग्रहण मेमो जो इस नियमावली के परिशिष्ट–क में विहित एन०सी०आर०बी० द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप संख्या–4 (IIF–IV) में होगा, के साथ न्यायालय या मजिस्ट्रेट को संपत्ति का विवरण तैयार करने के लिए उसकी संपत्ति के प्रकार और पूर्ण ब्यौरे के साथ एक आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(5) न्यायालय उक्त सम्पत्ति को उसके समक्ष प्रस्तुत करने से चौदह दिन की अवधि के भीतर ऐसी संपत्ति के ब्यौरे अंतर्विष्ट करने वाला विवरण इस नियमावली के परिशिष्ट–क में विहित एन०सी०आर०बी० द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप संख्या–4 (IIF–IV) में उल्लिखित विनिर्देश के अनुरूप तैयार करेगा।

(6) न्यायालय विवेचना अधिकारी को उक्त सम्पत्ति की फोटोग्राफ लेने और यदि आवश्यक हो तो वीडियोग्राफी का भी निर्देश दे सकेगा। विवेचना अधिकारी उक्त संपत्ति का विवरण और फोटोग्राफ और/या वीडियो को यथा स्थिति केस डायरी या अन्वेषण का भाग बनाएगा, जिसे संहिता के अधीन अन्वेषण, विचारण या किसी भी कार्रवाई में साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जाएगा।

